an>

Title: Need to make C.B.I. enquiry in the case of rape of a 7 year old girl in Uttarakhand.

श्री भगत सिंह कोश्यारी (नैनीताल - उधम सिंह नगर): माननीय अध्यक्ष महोदया, उत्तराखण्ड में इस समय जो सरकार है, वहाँ एकदम से हत्याएँ बढ़ गयी हैं। 28 तारीख को एक सात वर्ष की बच्ची के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद जब जनता प्रदर्शन कर रही थी तो उसमें जानबूझकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गयी और पत्रकारों को भी इतनी बुरी तरह से पीटा गया कि एक दर्जन पत्रकार अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि इस कृत्य के लिए और वहाँ के लोगों को न्याय दिलाने के लिए इस घटना की सी.बी.आई. या न्यायिक जाँच करायी जाए। सरकार ने जो बर्बरतापूर्ण कार्य किया है, उसके लिए जनता को न्याय मिल सके।

श्री अजय टम्टा (अल्मोड़ा) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। जिस प्रकार से श्री कोश्यारी जी ने अपनी बात को रखा, उसी बात को मैं कहना चाहता हूँ क्योंकि यह एक बहुत ही गंभीर विषय है। पिछले दिनों एक मासूम बच्ची का बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गयी, इसके कारण पूरे उत्तराखण्ड राज्य में जनता जगह-जगह पर धरना-प्रदर्शन कर रही थी। 28 तारीख को पूरे कुमाऊँ क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन कर रही जनता और पत्रकारों पर लाठी चार्ज किया गया, इसमें लगभग एक दर्जन पत्रकार घायल हुए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। मेरा अनुरोध है कि आपकी ओर से, सदन से दिशा-निर्देश जारी हो ताकि वहाँ की जनता और पत्रकारों को न्याय मिल सके।